## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुख्यमंत्री बघेल ने हितग्राहियों को वितरित की सामग्री

सारंगढ़-बिलाईगढ़। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत सरसींवा विकासखण्ड बिलाईगढ़ में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किया। इनमें बिलाईगढ़ की गणेशी बंजारे, पुनीराम खूंटे, शिव चौहान एवं नागेश्वर निषाद को ट्रायसायकल और भटगांव के समारू छडिय़ा, मेवा श्रीवास, मेघनाथ साहू एवं पुनीराम सिदार को ट्रायसायकल तथा फेकूराम पटेल एवं अमृतलाल पटेल को बैशाखी प्रदाय किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग से 4 बच्चों में मोक्ष रत्नाकर, हंसीका रत्नाकर, बिदिस रत्नाकर, अंकिता खटकर तथा अन्य पिछड़ा वर्ग से 6 बच्चों में दुर्गा जायसवाल, चित्रेश दास, उमंग दास, हिमांशी, लियान एवं कशिश को जाति प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

### बीपीएल श्रेणी के आवेदकों के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 22 दिसम्बर को

**रायगढ़।** निजी क्षेत्र की रिक्तियों में प्लेसमेंट को बढ़ावा देने के लिए बीपीएल श्रेणी से संबंधित आवेदकों के लिए 22 दिसम्बर 2022 को समय प्रात: 10:30 बजे से स्थान-जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। अन्य पिछड़ा वर्ग की स्थिति में आवेदक की आय सीमा 3 लाख रूपये से अधिक नहीं होना चाहिए। प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से जिन रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी इनमें ओ.पी.जे.सी.सी पूंजीपथरा रायगढ़ में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन ट्रेनी में 50 पद शामिल है। इसके लिए आवेदक को 10 वीं कक्षा उत्तीर्ण होना जरूरी है। छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ के बाहर से भी आवेदक प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते है। योग्यताधारी आवेदक समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होकर नियत तिथि एवं समय पर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार अधिकारी, कार्यालय, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### मतदान दलों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण शासकीय पालीटेक्निक कालेज में आज

**रायगढ़।** नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2022 हेतु नगर पालिक निगम रायगढ़ के वार्ड क्रमांक 27 का निर्वाचन संपन्न कराये जाने हेतु मतदान दलों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण 21 दिसम्बर 2022 को पूर्वान्ह 11 बजे से शासकीय पालीटेक्निक कालेज रायगढ़ के व्याख्यान कक्ष क्रमांक 1 में आयोजित होगा।

### अवैध उत्खनन करते 2 चैन माउंटेन और 2 हाइवा जब्त

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर से सटे राजिम म् अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है. रेत का अवैध उत्खनन करते हुए 2 चैन माउंटेन और दो हाइवा जब्त किया गया है. ये कार्रवाई राजिम के तर्रा रेत खदान में की गई है। रेत माफियाओं के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही थी. जिसके बाद कलेक्टर ने अधिकारियों को फटकार लगाई थी. कलेक्टर के सख्त रवैये को देखते हुए जिला खनिज अधिकारी ने रेत का अवैध उत्खनन करते हुए दो चैन माउंटेन और दो हाइवा को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में रेत का अवैध उत्खनन किए जाने की शिकायतें लगातार मिलती रहती हैं. रेत माफिया बिना लीज, बिना टेंडर और बिना रॉयल्टी के ही रेत खदान का संचालन कर रहे हैं।

# रबी फसल के लक्ष्य प्राप्ति के साथ गिरदावरी का कार्य भी करें पूर्ण- सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा

❒ पैरा कलेक्शन में तेजी लाने के दिए निर्देश

❒ सीईओ मिश्रा ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक





**रायगढ़।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में सीईओ मिश्रा ने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कहा कि समिति स्तर पर कही भी दिक्कते आए उनका तुरंत समाधान किया जाए। इस दौरान सम्मिलित खाता के होने से धान विक्रय में आ रही समस्या से अवगत होने पर उन्होने एसडीएम को समस्या का त्वरित निदान करने के निर्देश दिए। जिससे किसानों को धान विक्रय में किसी प्रकार की समस्या न हो। सीईओ मिश्रा ने रबी फसल की विकासखंड स्तर पर समीक्षा की। उन्होंने रबी के अन्तर्गत लिए जा रहे सरसों एवं गेहूं के लक्ष्य पूर्ति के निर्देश कृषि विभाग को दिए। इसके साथ ही उन्होंने रबी फसल के गिरदावरी कार्य भी करने के निर्देश दिए, ताकि जिले में रबी फसल के लिए बेहतर कार्ययोजना बना कर कार्य किया जा सके। उन्होंने कृषि विभाग से रबी फसल की बीज खाद की उपलब्धता की भी जानकारी ली। बैठक में डीएफओ सुश्री स्टायलो मंडावी, आयुक्त निगम संबित मिश्रा उपस्थित रहे।

बैठक में सीईओ मिश्रा ने जिले में पैरादान की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि फसल कटाई खत्म होने को है, ऐसे स्थिति में पैरादान के लक्ष्य को अतिशीघ्र पूर्ण किया करें। इसके अलावा जिन गोठानों में वर्मी खाद की उपलब्धता है, उनका समिति स्तर पर तेजी से उठाव किया जाए। इस दौरान उन्होने ई-केवाईसी की भी समीक्षा की। उन्होंने कृषि विभाग से ईकेवाइसी में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यमों में शिक्षकों की भर्ती की जानकारी ली। डीईओ ने बताया कि बीते दिनों शिक्षको का इन्टरव्यू लिया गया है। इस दौरान उन्होंने सभी एसडीएम को आवश्यक मरम्मत वाले स्कूल, आश्रम एवं छात्रावासों को चिन्हांकित कर प्राथमिकता के अनुसार लिस्ट एवं प्राक्कलन बनाने के निर्देश दिए। जिससे सर्वाधिक प्राथमिकता वाले स्कूल, आश्रम छात्रावास की मूलभूत मरम्मत एवं निर्माण करवाया जा सके। उन्होंने ड्रापआउट स्कूली बच्चों का सर्वे कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीईओ मिश्रा ने जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा की। ईई पीएचई ने बताया कि वर्तमान में 50 गांव शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुके है। जहां रनिंग वॉटर की सप्लाई किया जा रहा है। जिस पर सीईओ मिश्रा ने शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण गांवों की जांच के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने आगामी दिनों आयोजित होने वाले रोजगार मेला की तैयारियों के संबध में जानकारी ली। रोजगार अधिकारी ने बताया कि 2500 युवक युवतियों को पंजीकृत किया जा चुका है। इसके साथ ही मैसेज के माध्यम से जानकारी भेजी जा चुकी है। सीईओ मिश्रा ने समाज कल्याण विभाग से दिव्यांगों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने के संबंध में जानकारी ली। विभागीय अधिकारी ने बताया कि आगामी दिनों में विस्तृत कार्ययोजना बनाकर दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए कार्य किया जाएगा। मिश्रा ने दिव्यांगों का सत्यापन कर अलग-अलग केटेगरी में चिन्हांकित कर लिस्ट बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पीडब्लूडी विभाग से मेडिकल कालेज के निर्माण कार्यो की अद्यतन प्रगति जानकारी ली। उन्होंने ईई पीडब्लूडी को निर्माण कार्यो को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कलेक्टर जनचौपाल में आए आवेदनों को तय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर राजीव पांडे, संयुक्त कलेक्टर डी.आर.रात्रे, समस्त एसडीएम, जनपद सीईओ एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीईओ मिश्रा ने ली जिला बाल संरक्षण समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक

**रायगढ़।** सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजना मिशन वात्सल्य के तहत जिला बाल संरक्षण इकाई रायगढ़ की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान आयुक्त निगम संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय भी उपस्थित रहे।

सीईओ मिश्रा ने जिले के बाल देखरेख संस्थाओं में 200 बच्चों के जाति प्रमाण-पत्र बनाने हेतु बाल देखरेख संस्थाओं के प्रभारी को संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर जाति प्रमाण-पत्र बनाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बाल देखरेख संस्थाओं में प्रतिमाह बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को प्रतिमाह जांच शिविर लगाये जाने के निर्देश दिए। सीईओ मिश्रा ने जिले के समस्त शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में स्थापित क्रेडल बेबी सेन्टर (झूला)लगाया जाकर, सूची उपलब्ध कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को दिए। साथ ही बाल संप्रेक्षण गृह के बच्चों के शिक्षा हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को सर्वशिक्षा अभियान के तहत एक शिक्षक उपलब्ध कराये जाने निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान बाल कल्याण समिति के प्रथम तल के भवन को आधिपत्य में दिए जाने हेतु कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग रायगढ़ से समन्वय स्थापित कर तत्काल आवश्यक कार्यवाही किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा विभिन्न कार्यालयीन प्रयोजन में बार-बार रेलवे स्टेशन व जिला चिकित्सालयों में जाना पड़ता है, जहां पर वाहन का रख-रखाव हेतु पार्किग शुल्क देना पड़ता है, जिसके लिए पार्किंग शुल्क से मुक्त हेतु संबंधित विभाग को पत्र जारी करने का निर्णय लिया गया। सड़क जैसी परिस्थितियों सीआईएसएस वाले बच्चों के सर्वे/चिन्हांकन किये जाकर फास्टर केयर का लाभ दिलाये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अतुल दाण्डेकर, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिले के बाल देखरेख संस्थाओं के अधीक्षक उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया शहीद वीरनारायण सिंह इको टूरिज्म सर्किट का लोकार्पण

❒ विशेष धातु से निर्मित प्रदेश का पहला ऑडियो विजुअल सेटअप वाले म्यूजियम का हुआ अनावरण



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज बलौदाबाजार जिले के बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में स्थित ग्राम सोनाखान पहुंचे, जहां पर उन्होंने छत्तीसगढ़ के शहीद वीरनारायण सिंह की स्मृति में बनाए गए इको टूरिज्म सर्किट एवं म्यूजियम का शुभारम्भ किया। सोनाखान के कुर्रूपाठ के घने जंगलों में प्रकृति के बीच इस कलाकृति को आकार दिया गया है। यह प्रदेश में अपनी तरह का पहला ऐसा म्यूजियम है, जहां ऑडियो-विजुअल सेटअप और एक विशेष धातु कॉर्टेन स्टील के माध्यम से शहीद वीर नारायण सिंह की जीवनी को प्रदर्शित किया गया है।

सन् 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले शहीद वीरनारायण सिंह की गौरव गाथा को प्रदर्शित करने के लिए एक विशेष तरह के कॉर्टेन स्टील का प्रयोग किया गया है। बताया गया कि कॉर्टेन स्टील एक तरह का ऐसा मेटल है, जिसमें पहले से जंग की एक परत लगी हुई होती है। खास बात यह है कि यह धातु प्रकृति को हानि नहीं पहुँचाती। कुर्रूपाठ पहाड़ की हरियाली के बीच इसकी नयनाभिराम सुंदरता देखते ही बनती है।

कॉर्टेन स्टील के बने लम्बे और सुंदर पैनल्स पर शहीद वीर नारायण सिंह की जीवनी उकेरी गई है, जिसका अवलोकन दिन के उजाले के साथ ही रात में भी देखा जा सकता है। लाइट के अद्भुत सेटअप इसे खास और अलग बनाते हैं। सभी पैनल एक ऑडियो सेटअप के साथ है जहां सोनाखान के पराक्रमी शहीद वीर नारायण सिंह के जन्म से लेकर क्रांति और बलिदान को सुना जा सकता है। यह ऑडियो हिंदी, अंग्रेजी और छत्तीसगढ़ी भाषा में उपलब्ध है। पर्यटक अपनी पसंद मुताबिक ऑडियो की भाषा का चयन कर सकता है। देश में कॉर्टेन स्टील का उपयोग विभिन्न महान परियोजनाओं में कलाकृतियां बनाने के लिए किया जा चुका है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, बिहार म्यूजियम और कई देशों के प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट में इसका उपयोग किया गया है। इस नवाचार से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

## मुख्यमंत्री की घोषणा : सरसींवा बनेगा तहसील, सरसींवा और पवनी बनेंगे नगर पंचायत

❒ बिलाईगढ़ में खुलेगी नवीन जिला सहकारी बैंक की शाखा और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में होगा उन्नयन

❒ भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में ग्रामीणों से हुए रुबरु





सारंगढ़-बिलाईगढ़। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के तहत आज नवगठित सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के बिलाईगढ़ विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत सरसींवा पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बघेल ने ग्रामीणों से सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनहितैषी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जमीनी हकीकत की जानकारी भी ली एवं अधिकारियों को इसके निराकरण के लिए निर्देशित भी किया। मुख्यमंत्री ने यहां पर आम जनता की सुविधा के लिए सरसींवा को नवीन तहसील बनाए जाने एवं सरसींवा और पवनी को नगर पंचायत बनाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने सरसींवा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन, बिलाईगढ़ में नवीन जिला सहकारी बैंक की शाखा, बिलाईगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की बिस्तर क्षमता 30 बिस्तर से बढ़ा कर 50 बिस्तर किए जाने सहित बिलाईगढ़ नगर पंचायत में बस्ती पहुंचने एवं बस्ती से बाजार पहुंचने हेतु पुलिया का निर्माण हेतु राशि की स्वीकृति किए जाने की घोषणा की। इस मौके पर स्कूली शिक्षा एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, संसदीय सचिव चन्द्रदेव प्रसाद राय, अ.जा. विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**ग्रामीणों से लिया फीडबैक-** भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में ग्राम धोबनी के किसान कोमल प्रसाद साहू ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनका एक लाख 10 हजार का ऋण माफ हो गया है। उन्हें अब तक राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत तीन किस्त मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि वे जैविक पद्धति से बैगन की खेती करते हैं। पांच साल धान की खेती के बराबर लाभ एक साल के बैगन की खेती से होता है। पिछले साल बैगन की खेती से 5 लाख रुपए का फायदा हुआ है। जैविक खेती से जमीन की उर्वरता बढ़ी है। प्रमिला यादव ने बताया कि स्व-सहायता समूह से जुड़कर उन्हें अच्छी आमदनी हो रही है। वह वर्मी कंपोस्ट, मछली पालन, मुर्गी पालन, बत्तख पालन, कड़कनाथ पालन जैसी आयमूलक गतिविधियां कर रही हैं। इससे अब तक उसे 45 हजार रुपए से अधिक की आमदनी हुई है। कैथा निवासी सुदर्शन दास की मांग पर कलेक्टर को मनरेगा और गौठान में काम दिलाने तथा राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत राशि देने एवं उनकी बीमारी का इलाज कराने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में चेतन बाई महिलांग ने कहा कि उनका एक लाख 56 हजार की ऋण की माफी हुई है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नरेश कुमार को सेलून खोलने के लिए 2 लाख रुपए की सहायता राशि देने की स्वीकृति दी।

**मुख्यमंत्री ने सुनाया अनुभव-** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम की शुरूआत में भेंट मुलाकात का अनुभव बांटते हुए कहा कि भेंट मुलाकात के दौरान एक 40 वर्षीय महिला गेड़ी लेकर आई थी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक की गेड़ी प्रतियोगिता में प्रथम आई थी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक से अब महिलाएं भी अपने बचपन में खेले जाने वाले खेल फिर से खेल पा रही हैं। उन्होंने कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किया। इनमें बिलाईगढ़ और भटगांव के 8 दिव्यांगजनों को ट्रायसायकल और दो दिव्यांगजनों को वैशाखी के साथ ही स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

**मुख्यमंत्री ने रामनामी परिवार के यहां किया भोजन-** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ग्राम सरसीवां में नेतराज कुर्रे के घर रामनामी समुदाय के लोगों के साथ छत्तीसगढ़ी पारंपरिक भोजन का स्वाद लिया। उन्हें भोजन में चावल, खीर, रोटी, लाल भाजी, तिवरा भाजी, करेला भाजी, बैंगन, मटर, आलू, सेमी, फूलगोभी मिक्स, पालक, आलू की सब्जी दाल, सहित सील से पीसे टमाटर चटनी परोसा गया। मुख्यमंत्री ने कुर्रे के परिवारवालों को स्वादिष्ट भोजन के लिए धन्यवाद दिया।

## भेंट-मुलाकात कार्यक्रम : मुख्यमंत्री बघेल पहुँचे ग्राम सोनाखान, ग्रामीणों से राज्य शासन की योजनाओं पर लिया फीडबैक

❒ मुख्यमंत्री ने सोनाखान भेंट-मुलाकात में क्षेत्र के विकास के लिए दी अनेक सौगातें

❒ शहीद वीर नारायण सिंह की कर्मभूमि सोनाखान में खुलेगा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल

❒ सोनाखान में सहकारी बैंक की शाखा प्रारंभ होगी

❒ गिरौदपुरी में अनुविभागीय कार्यालय (एसडीएम कार्यालय) की घोषणा

❒ गिरौदपुरी धाम के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का होगा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन

❒ सोनाखान क्षेत्र के 44 गांवों में वीर नारायण सिंह समूह नल जल प्रदाय योजना प्रारंभ करने की घोषणा

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में आज विधानसभा बिलाईगढ़ अंतर्गत विकासखंड कसडोल के ग्राम सोनाखान पहुँचे। मुख्यमंत्री ने यहां क्षेत्र के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह की कर्मभूमि सोनाखान में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ करने, सोनाखान में सहकारी बैंक, क्षेत्र के 44 गांवों में वीर नारायण सिंह समूह नल जल प्रदाय योजना प्रारंभ करने, सोनाखान स्थित एकलव्य आवासीय परिसर में विभिन्न संसाधनों हेतु 5.6 करोड़ रूपये स्वीकृति की, ग्राम सोनाखान में ग्रामीण अधोसंरचना विकास के लिये 2.5 करोड़ रूपये की स्वीकृति, सोनाखान के समीपवर्ती



ग्राम अर्जुनी, भूसड़ीपाली, महकोनी एवं महकम में विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु 50 लाख रूपये की स्वीकृति की घोषणा की।

इसी प्रकार उन्होंने गिरौदपुरी में अनुविभागीय कार्यालय (एसडीएम कार्यालय) प्रारंभ करने, गिरौदपुरी धाम के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उन्नयन सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र के रूप में करने, जिले के भवनविहीन स्वास्थ्य केंद्रों के लिए भवन निर्माण, गिरौदपुरी, राजादेवरी से बया पहुँच मार्ग पुल पुलिया सहित चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण, चरींदा (बया) से बार होते हुए तुरतुरिया पहुँच मार्ग पुल पुलिया सहित चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण, सलिहा से कुशगढ़ विजयमाल होते हुए सांकरा पहुँच मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण, टुण्डरा के हाईस्कूल के लिए नये भवन के निर्माण की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण कर भेंट.मुलाकात का शुभारंभ किया और ग्रामीणों से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की मैदानी स्थिति की जानकारी ली। इस मौके पर स्कूल शिक्षा, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास मंत्री प्रेम साय सिंह टेकाम संसदीय सचिव एवं विधायक चंद्रदेव राय और सुश्री शकुंतला साहू, पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, जीव जंतु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ल, रजक कल्याण बोर्ड लोकेश कन्नौजे, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, अनुसूचित जनजाति आयोग सदस्य गणेश ध्रुव, जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, कलेक्टर रजत बंसल, एएसपी दीपक झा समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

भेंट मुलाकात में मानाकोनी की पद्मावती पटेल ने बताया कि उनके समूह ने तीन लाख 71 हजार रुपए का वर्मी कंपोस्ट बेचा है। इस आय से उनके समूह की दस महिलाओं ने आपस में 25-25 हजार रुपए बांटे हैं। शेष रकम उन्होंने बैंक में जमा रखा है। वर्मी कंपोस्ट की बिक्री से हुई कमाई से उनके समूह की कुछ महिलाओं को अपने बच्चों की पढ़ाई की बेहतर व्यवस्था करने में और कुछ को अपने बच्चों की शादी में बहुत मदद मिली है। समूह की कुछ महिलाओं ने अपने लिए पायल और मंगलसूत्र जैसे गहने भी खरीदे हैं।

सोनाखान में ग्राम भानसी के किसान डिगेश यादव ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे पांच एकड़ के किसान हैं। उनका 75 हजार रुपए का कर्जा माफ हुआ है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसानों को खेती से अच्छी आमदनी हो रही है। उन्होंने अपने लिए बुलेट मोटरसाइकिल और पत्नी के लिए हार खरीदा है। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से राजीव गांधी किसान न्याय योजना, कर्ज माफी, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राशनकार्ड, उचित मूल्य दुकानों के संचालन के संबंध में फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री ने शहीद वीर नारायण सिंह को अर्पित की श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री ने सोनाखान पहुंचने के बाद वहां स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित कर छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतन्त्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही स्मृति स्थल पर स्थापित की गयी शहीद वीर नारायण सिंह के आदम कद मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके साथ ही शहीद वीर नारायण सिंह के वंशजों का भी श्रीफल एवं शॉल से सम्मान किया गया और उन्हें 10-10 हजार रूपए का चेक भेंट किया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480